संख्या- 326 /2025/ 3204 /चार-2025-1986834

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 17 नवम्बर, 2025**

विषय:- दिनांक 24 से 26 नवम्बर, 2025 तक अयोजित होने वाले 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3172/सं0नि0-15(94)/2025-26, दिनांक 06 नवम्बर, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा डॉ0 प्रभात कुमार, से0नि0 आई0ए0एस0 भारत स्काउट एण्ड गाइड, उ0प्र0 के पत्र के क्रम में अवगत कराया गया है कि दिनांक 24 से 26 नवम्बर, 2025 तक डिफेन्स एक्सपों ग्राउण्ड, वृन्दावन योजना, लखनऊ में अयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 24 से 26 नवम्बर, 2025 तक अयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं पर निम्नानुसार होने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रस्तावित किया गया है:-

क्र.	प्रस्तुति दिनांक	कलाकार का नाम	विधा	मानदेय	किराये पर व्यय	कुल अनुमानित व्यय
1	24.11.2025	श्री यशवंत कुमार, अयोध्या	शंक/डमरू वादन	40,000.00	13,200.00	53,200.00
2		श्री रवि प्रकाश, झांसी	मलखम्भ	40,000.00	23,100.00	63,100.00
3		सुश्री प्रीति सिंह, आगरा	रामायण	1,50,000.00	25,080.00	17,5080.00
4		श्री विशाल कृष्ण, वाराणसी	शिव ताण्डव	70,000.00	23,760.00	93,760.00
5		सुश्री गीतांजलि शर्मा, मथुरा	राधा मादल वैले/ब्रज की फूलो की होली	2,25,000.00 (एक मुश्त)	-	2,25,000.00
6	25.11.2025	श्री ब्योमेश शुक्ला, वाराणसी	राम की शक्ति पूजा	70,000.00	23,760.00	93,460.00.00
7	26.11.2025	श्री शेख मो. इब्राहिम, लखनऊ	प्रदेश की धुन (तालयात्रा)	2,00,000.00		2,00,000.00
8	कलाकारों को स्थानीय स्तर पर आवास/भोजन की व्यवस्था पर व्यय			-	-	5,90,000.00
9	कलाकारों के स्थानीय यातायात पर व्यय			-	-	1,50,000.00
10	अन्य अकास्मिक व्यय			-	-	1,00,000.00
(रूपये सत्रह लाख तैतालीस हजार छः सौ मात्र) कुल योग-						17,43,600.00

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 24 से 26 नवम्बर, 2025 तक 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले व्यय **रू0 17,43,600/-**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(रूपये सत्रह लाख तैंतालीस हजार छः सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।
(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।
(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।
(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।
(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।
(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in